# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

### (तिथि 21 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

**मुख्य समाचार:**

1. केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में संसद मार्ग पुलिस स्टेशन के बाहर धरने पर बैठे राहुल गांधी पर राजनीतिक हताशा और मीडिया में सुर्खियां बटोरने की लालसा का आरोप लगाया।
2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित जेन-एच युवा उद्यमी चौपाल में युवा उद्यमियों के साथ सीधा संवाद किया और उन्हें स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित किया।
3. मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में युवा उद्यमी चौपाल के दौरान 'युवा उद्यमी यात्रा' का शुभारंभ किया।
4. हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के जिलों में पुराने वाणिज्यिक वाहनों को हटाने के लिए नोटिस जारी करने का फैसला लिया।
5. चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में उद्यमियों ने युवाओं के साथ अपने अनुभव साझा किए।

*****************************************************************

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली के संसद मार्ग पुलिस स्टेशन के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। संवाददाताओं से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि यह विरोध न तो छात्रों के हित में है और न ही न्याय के लिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक हताशा और राहुल गांधी की मीडिया में सुर्खियां बटोरने की लालसा का प्रतीक है। श्री नड्डा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 20 जुलाई की घटना का संज्ञान ले लिया गया है और मामले की जांच के लिए एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है।

*****************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित जेन-एच युवा उद्यमी चौपाल में देश के सफल युवा उद्यमियों और उद्यम संस्थापकों के साथ सीधा संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवाओं में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है। जरूरत केवल इस बात की है कि उनके विचारों को सही दिशा, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन मिलें। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ऐसा मजबूत उद्यमिता इकोसिस्टम तैयार कर रही है, जहां युवा अपने आइडिया को बिजनेस में बदलने के लिए आवश्यक जानकारी और सहयोग प्राप्त कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार, शिक्षण संस्थानों, उद्योग जगत, स्टार्टअप और सामाजिक संस्थाओं को एक मंच पर लाकर युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएंगी।

****************************************************************

मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित जेन-एच स्टार्टअप सम्मेलन -युवा उद्यमी चौपाल के दौरान दो बसों को हरी झंडी दिखाकर 'युवा उद्यमी यात्रा' का शुभारंभ किया। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ना तथा उन्हें अपने नए विचारों को सफल उद्यम में बदलने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराना है।

'युवा उद्यमी यात्रा' के तहत दोनों बसें दिसंबर माह तक प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगी। इस दौरान कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई तथा कोचिंग संस्थानों में पहुंचकर युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया, वित्तीय सहायता, ऋण सुविधाओं, तकनीकी सहयोग और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

****************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र -एनसीआर के जिलों में पुराने वाणिज्यिक वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के नोटिस जारी किए जाएंगे बीएस-I, बीएस-II, बीएस-III और बीएस-IV श्रेणी के ट्रकों और बस मालिकों को निर्धारित समय-सीमा में वाहनों को हटाने या बदलने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।  बीएस-I, बीएस-II, बीएस-III और इससे पुराने वाहनों को पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्रों पर स्क्रैप कराना होगा। पात्र बीएस-IV वाहनों को स्क्रैप कराया जा सकता है अथवा एनसीआर से बाहर पड़ते शहर में बेचा जा सकता है।

निर्देशों का पालन नहीं करने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, वाहनों को जब्त कर उन्हें अधिकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों पर भेजा जाएगा ।

****************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निवारण किया। उनके सामने कुल 17 मामले रखे गए जिनमें से 14 का मौके पर समाधान किया गया जबकि तीन को लंबित रखा गया।मुख्यमंत्री ने बताया कि इन मामलों में जांच के आदेश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया -

****************************************************************

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के  एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर - एबिक द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान स्टार्टअप आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई।प्रदर्शनी में कृषि उत्पादों, ड्रोन तकनीक, कृषि मशीनरी, स्मार्ट कृषि, पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों तथा अन्य नवाचारों से

संबंधित स्टार्टअप्स ने अपने उत्पादों एवं तकनीकों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में तीन स्टार्टअप्स के संचालकों ने अपने स्टार्टअप के अनुभव साझा किए।
इस अवसर पर कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा -

*********************************************************************

अंबाला में हरियाणा दूरसंचार परिमंडल के संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय की ओर से आज राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।
संचार लेखा नियंत्रक शिल्पी सिन्हा ने बताया-

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पेंशनर्स के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।जिसमें सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ आंखों, दांतों और हड्डियों से संबंधित जांच की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

*********************************************************************

हिसार की पैरा एथलीट एकता भ्याण का नाम अर्जुन अवार्ड के लिए चुना गया है।
आज हमारे संवाददाता ने एकता भ्याण से बातचीत की। एकता ने कहा कि अर्जुन अवॉर्ड के लिए चयन होने पर वह बहुत खुश है।

एकता ने बताया कि 2018 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उसने 2023 की एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता। उसके अलावा तीन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया।

एकता ने बताया कि उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तीन बार मिलने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री से मिल कर उसे बहुत प्रोत्साहन मिला।

*********************************************************************